**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 09.07.2024** **समय 18.30**

- **उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी कल विधानसभा में राज्य का वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश करेंगी।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉस्को में भारतीय समुदाय को सम्बोधित किया–कहा –सरकार का लक्ष्य भारत को विश्‍व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों से मानवता और राष्ट्र के लिए शिक्षा और ज्ञान का इस्तेमाल करने को कहा है।**
- **मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई।**

000

उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी कल विधानसभा में राज्य का वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश करेंगी। बजट सुबह 11 बजे पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने आज बजट को अन्तिम रूप दिया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वित्तमंत्री के बजट भाषण का कल आकाशवाणी जयपुर से सजीव प्रसारण किया जायेगा। ये प्रसारण सुबह 10 बजकर 57 मिनट से सुना जा सकेगा। आकाशवाणी जयपुर से विशेष बजट बुलेटिन भी प्रसारित किये जायेंगे। हिन्दी में दोपहर 1 बजे का नियमित बुलेटिन कल 10 मिनिट के विशेष बजट बुलेटिन के रूप में प्रसारित होगा। इसके तुरन्त बाद एक बजकर 10 मिनिट पर राजस्थानी में विशेष बजट बुलेटिन प्रसारित किया जाएगा। बजट भाषण के दोपहर 1 बजे के बाद भी जारी रहने की स्थिति में विशेष बजट बुलेटिनों का प्रसारण बजट भाषण की समाप्ति के तुरंत बाद किया जायेगा। विधानसभा के सत्र के दौरान आकाशवाणी जयपुर से सोमवार से शुक्रवार तक रात सवा आठ बजे **''विधानसभा में आज''** कार्यक्रम में सदन की दिनभर की कार्यवाही का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। इसी तरह शनिवार रात सवा 8 बजे विधानसभा की कार्यवाही की साप्ताहिक समीक्षा प्रसारित की जायेगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को विश्‍व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है। रूस में मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज भारत जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है वो हासिल कर लेता है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत विश्व को डिजिटल लेन–देन का सबसे भरोसेमंद मॉडल उपलब्ध करा रहा है और सामाजिक क्षेत्र की श्रेष्ठ नीतियों से नागरिकों का सशक्तिकरण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और रूस वैश्विक समृद्धि में नई ऊर्जा लाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रापति पुतिन के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब भारत शांति, संवाद और कूटनीति की बात करता है तो पूरा विश्‍व उसे सुनता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था् के विकास में भारत का योगदान 15 प्रतिशत है और आने वाले समय में ये और बढेगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों से मानवता और राष्ट्र के लिए अपनी शिक्षा और ज्ञान का इस्तेमाल करने को कहा है। आज भुवनेश्वर में एनआईएसईआर के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती मुर्मू ने छात्रों का आव्हान किया कि वे अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए देश के लिए प्रशंसा अर्जित करें।

......................

राष्ट्रपति ने शिक्षा को अमृत के समान बताते हुए कहा कि भारतीय भौतिकविद सर सी. वी. रमन और प्रख्यात खगोल विज्ञानी, गणितज्ञ तथा विद्वान पठानी समंता जैसे अविस्मरणीय व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षा का ही योगदान है।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान हम सभी के लिये सर्वोच्च है, क्योंकि यह हमें अधिकार देता है साथ ही कर्तव्य पालन की सीख से भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं को संकल्पबद्ध होकर भागीदारी बढ़ानी चाहिए। श्री मिश्र आज जयपुर में **'यूथ फॉर नेशन'** संगठन की राजस्थान इकाई के उद्‌घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि राजस्थान में इस संगठन की शुरुआत से यहां के युवाओं को बेहतर ढंग से नियोजित कर उनकी ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में युवाओं से आगे आकर पहल करने तथा अधिकारों के साथ संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। **'यूथफॉर नेशन'** के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ.एस. पी.माथुर ने संगठन से जुड़े उद्देश्यों और भविष्य के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज राजभवन में मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

उपभोक्ता मामलात विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि राज्य सरकार उपभोक्ता हितों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। वे आज जयपुर में उपभोक्ता मामले और भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण बोधन कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक उपभोक्ता बाजार में ई–कामर्स के तीव्र विकास से नई चुनोतियाँ आई है। उपभोक्ता इसके अनुचित व्यापारिक व्यवहार और अनैतिक कारोबार से अनभिज्ञ हैं। इस बारे में उपभोक्ताओं को विभाग की ओर से जागरूक किया जायेगा। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरूकता अभियान की पहली कड़ी है।

000

संसदीय कार्य, विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में जनसुनवाई की। श्री पटेल ने आमजन की समस्याओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए दिशा–निर्देश दिये। मंत्री कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ काम करे।

000

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही मंगलवार को आयोजित होने वाले शक्ति दिवस पर बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर पर हर महीने की 9, 18 और 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बूंदी में महिलाओं के रक्तचाप, वजन और खून की जांच की गई। सवाईमाधोपुर जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाडी केन्द्रों में टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गऐ। जिले में आज चिकित्सा संस्थानों पर शक्ति दिवस का भी आयोजन किया गया, इसके तहत एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों को दवा पिलाई गई। बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ ब्लॉक में राज्यस्तरीय टीम ने शक्ति दिवस की गतिविधियों का निरीक्षण किया। राज्यस्तर से अनिमिया मुक्त राजस्थान अभियान के स्टेट प्रोग्राम समन्वयक मयंक पांडे ने कुशलगढ़ और सज्जनगढ़ के स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित चिकित्सा संस्थान का दौरा किया।

उन्होंने शक्ति दिवस पर होने वाली गतिविधियों को देखकर संतुष्टि जाहिर की। जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को ओपीडी में विशेष सेवाएं दी गई। आरसीएचओ डॉ. दिनेश कुमार भाबोर ने बताया कि जिले के 84 संस्थानों में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया है।

000

प्रदेश में आकांक्षी जिलों और आशान्वित ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान के तहत विकास संबंधी 6 सूचकांकों को लेकर गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कोटपूतली–बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले के आशान्वित ब्लॉक नीमराणा में चल रहे अभियान की जानकारी दी।

000

मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने कहा है कि आज मॉनसून ट्रफ लाइन दक्षिणी राजस्थान से होकर गुजर रही है। 11 जुलाई को मॉनसून ट्रफ लाइन के हिमालय की और शिफ्ट होने से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है। इस दौरान भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और बाकी स्थानों पर कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इस बीच आज प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। जयपुर में सुबह कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। बाड़मेर में आज दोपहर बाद तेज बरसात हुई जिसके कारण सड़कों पर पानी भर गया। भीलवाड़ा जिले में कई स्थानों पर तेज और कई जगह हल्की बारिश हुई। उदयपुर में मूसलाधार बरसात हुई है। भरतपुर में अच्छी बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। बिजली गिरने से बांसवाडा जिले के घोड़ी तेजपुर गांव में एक युवक की मौत हो गई। झालावाड ज़िले में लोगों को अच्छी बारिश का इंतजार है हालांकि आज कुछ स्थानों पर बूंदा–बांदी हुई है।

000